भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 858

(जिसका उत्तर मंगलवार दिनांक 30 जुलाई, 2024/08 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है)

शेयर बाजार की असामान्य गतिविधि

858. **श्री मल्लिकार्जुन खरगे:**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि विदेशी निवेशकों ने 31 मई को 96,155 करोड़ रुपये के स्टॉक खरीदे, जो सिंगल ट्रेडिंग सेशन में औसत खरीद से कहीं अधिक था;
(ख) क्या सरकार ने ऐसी असामान्य स्टॉक-बाजार गतिविधि का संज्ञान लिया है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसी असामान्य स्टॉक-बाजार गतिविधि के पीछे क्या कारण हैं तथा 31 मई, 2024 को शीर्ष 50 निवेशकों के साथ उनकी स्टॉक-बाजार गतिविधियों की सूची क्या है;
(घ) क्या सरकार ने सेबी को मामले की जांच करने और बाजार की ऐसी गतिविधि पर विस्तृत आंकड़े जारी करने का निर्देश दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (ङ): नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 31 मई 2024 को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इक्विटी कैश मार्केट में ₹96,165 करोड़ के शेयर खरीदे और ₹94,586 करोड़ के शेयर बेचे, जो ₹1,579 करोड़ की निवल खरीद थी। 31 मई को स्टॉक एक्सचेंजों पर श्रेणीवार शीर्ष 50 निवेशकों की शेयर-बाजार गतिविधि का विवरण अनुलग्नक में है।

शेयर बाजार की गतिविधियां और विभिन्न निवेशकों की खरीद/बिक्री गतिविधि विभिन्न कारकों द्वारा नियंत्रित होती है, जिसमें अन्य बातों के अलावा, विदेशी पूंजी प्रवाह को प्रभावित करने वाले वैश्विक आर्थिक परिदृश्य, घरेलू वृहद-आर्थिक पैरामीटर और समग्र कॉर्पोरेट प्रदर्शन शामिल हो सकते हैं। प्रतिभूति बाजारों के वैधानिक विनियामक के रूप में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) बाजार में विश्वास को बढ़ाने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिभूति बाजारों में रुझानों की नियमित निगरानी करता है। इसके विनियमों के किसी भी कथित उल्लंघन की जांच की जाती है और जांच के निष्कर्षों के आधार पर, सेबी अधिनियम, 1992 द्वारा दी गई शक्तियों के तहत सेबी द्वारा उचित प्रवर्तन कार्रवाई शुरू की जाती है।

***

अनुलग्नक

सारणी 1: 31 मई 2024 को एनएसई (कैश सेगमेंट) पर शीर्ष 50 निवेशकों की स्टॉक-मार्केट गतिविधि का विवरण

ग्राहक श्रेणी	ग्राहकों की संख्या	बाई ट्रेडेड वैल्यू (रु. करोड़ में)	सेल ट्रेडेड वैल्यू (रु. करोड़ में)
एफपीआई	25	63,672	70,444
अन्य	16	48,630	48,620
म्युचुअल फंड	7	11,199	11,190
खुदरा	2	3,236	3,237
कुल	**50**	**1,26,737**	**1,33,491**

सारणी 2: 31 मई 2024 को बीएसई (कैश सेगमेंट) पर शीर्ष 50 निवेशकों की स्टॉक-मार्केट गतिविधि का विवरण

ग्राहक श्रेणी	ग्राहकों की संख्या	बाई ट्रेडेड वैल्यू (रु. करोड़ में)	सेल ट्रेडेड वैल्यू (करोड़ रुपये में)
खुदरा	32	4,793	4,460
एफपीआई	9	459	463
म्युचुअल फंड	7	445	469
बीमा	2	147	95
कुल	**50**	**5,844**	**5,487**

स्रोत: सेबी

टिप्पणी: क. "खुदरा" में एचयूएफ, व्यक्तिगत/स्वामित्व फर्म, एनआरआई और पार्टनरशिप फर्म/लिमिटेड देयता भागीदारी शामिल हैं।

ख. "अन्य" में सार्वजनिक और निजी कंपनियां / निकाय कॉर्पोरेट्स, न्यास / सोसाइटी, घरेलू वित्तीय संस्थान (बैंकों और बीमा के अलावा), सांविधिक निकाय, नई पेंशन प्रणाली, गैर-सरकारी संगठन, डिपॉजिटरी रसीदें, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) घरेलू उद्यम पूंजी निधि और व्यापारिक सदस्यों के स्वामित्व व्यापार ट्रेड शामिल हैं।

ग. एफपीआई: विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक

***